अमर उजाला 13/06/2025

# नृत्य प्रतियोगिता में स्नेहा रावत रहीं प्रथम

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में टैलेंट सर्च प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका आयोजन प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. चंद्रपाल पूनिया के मार्गदर्शन में किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में स्नेहा रावत प्रथम, दिव्यांजलि एवं कुलजोत द्वितीय, महक तृतीय रही। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस दौरान सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. सीपी पुनिया डीन यूथ एंड कल्चरण अफेयर डॉ. चंद्रपाल पूनिया,डॉ. मनजीत कौर मौजूद रहे। संवाद